---

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (34) खण्ड -{67}

---

समग्र मुरलियों पर आधारित अधोलिखित प्रश्नों के सबसे उपयुक्त एक ही उत्तर का चयन करें..........

प्रश्न 1- कहाँ पर चावल का हाण्डा चढ़ाते हैं ?

A- श्रीनाथ

B- जगन्नराथपुरी

C- सोमनाथ

D- पारसनाथ

प्रश्न 2- यह हुसैन का रथ है। हुसैन जिसको ........ कहते हैं, उनका यह तख्त है। आत्मा तो अकाल है ?

A- भागीरथ

B- अकालमूर्त

C- निराकार

D- शिव

प्रश्न 3- क्या बांधो तो तुम्हें राजतिलक मिल जायेगा ?

A- पवित्रता की राखी

B- पवित्रता का कंगन

C- पवित्रता का हार

D- पावन बनने की प्रतिज्ञा करो"

प्रश्न 4- भक्ति मार्ग का फैशन क्या है ?

A- तीर्थ करना

B- यज्ञ तप करना

C- बर्थ डे, जयन्ती मनाना

D- जागरण करना

प्रश्न 5- प्रश्न:-छोटा मुख और बड़ी बात......... यह कहावत किसके लिए प्रसिद्ध है ?

A- कृष्ण

B- परमात्मा

C- गरीब

D- बच्चे

प्रश्न 6- दुनिया को पलटाने वाले को क्या कहा जाता है ?

A- राम

B- शिव बाबा

C- गॉड

D- कृष्ण

प्रश्न 7- सद्गति देना किनका काम है ?

A- बाप

B- माताओं

C- गुरु

D- ब्रह्मा बाप

प्रश्न 8- पहले-पहले दिखाते हैं कलष किस पर रखा ?

A- ब्रह्मा माँ

B- जगत अम्बा

C- काली माँ

D- माताओं

प्रश्न 9- संगमयुग का फैशन कौन सा है ?

A- वैकृण्ठ का सैर करके आना

B- ज्ञान सुनना है

C- योग करना है

D- मुरली सुनाना

प्रश्न 10- कौन सा पाठ पक्का करना है ?

A- मैं बाप का , बाप मेरा।

B- मेरा तो एक बाबा, दूसरा न कोई।

C- पवित्र रहना है।

D- योगी बनना है।

प्रश्न 11- अभी आत्मा कितने कैरेट भी नहीं है ?

A- 1

B- 2

C- 18

D- 9

प्रश्न 12- आत्मा में जो खाद पड़ी है वह कैसे निकालनी है ?

A- अन्न शुद्धि से

B- देही अभिमानी बनकर

C- ज्ञान से

D- याद की अग्नि

प्रश्न 13- जितना याद में रहते हो उतना समय जैसे तुम किसमें हो ?

A- रूहानी यात्रा

B- आवागमन

C- भट्टी

D- सेफ

प्रश्न 14- तुम एक बार बलिहार जाते हो तो यह कितनी बार बलिहार जाते हैं ?

A- 8

B- 12

C- 21

D- 42

प्रश्न 15- बाप की याद कायम कब रहेगी ?

A- जब बुद्धि में ज्ञान होगा

B- जब पवित्र बनेंगे

C- जब रोज मुरली सुनेंगे

D- जब रोज योग करेंगे

प्रश्न 16- तुम अभी संगम पर हो और दुनिया वाले समझते हैं कि अभी तो अजुन कलियुग शुरू होता है।कितने वर्ष बाद संगम आना है ?

A- 5000 वर्ष

B- 2500 वर्ष

C- 100 वर्ष

D- 40 हजार वर्ष

---------------------------------------------------------

भाग (34) खण्ड {67} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

-------------------------------------------------------

उत्तर 1- *B.जगन्नाथपुरी*

वैरायटी झाड़ है। एक्यूरेट बना बनाया ड्रामा है। यह खेल 4 भाग में बांटा हुआ है। *जगन्नाथपुरी में हाण्डा चढ़ाते हैं चावल का। उसमें 4 भाग हो जाते हैं। यह सृष्टि भी चार भागों में बटी हुई है।* इसमें एक सेकेण्ड भी कम जास्ती नहीं हो सकता।

उत्तर 2- *B.अकालमूर्त*

*यह हुसैन का रथ है। हुसैन, जिसको अकालमूर्त कहते हैं, उनका यह तख्त है।* आत्मा तो अकाल है आत्मा को गोल्डन, सिलवर में आना है। स्टेजेस हैं ना। बाबा तो है ऊंच ते ऊंच। वह स्टेजेस में नहीं आता। आत्मायें स्टेजेस में आती हैं

उत्तर 3- *B.पवित्रता का कंगन*

*गाया जाता है ज्ञान सागर जब आते हैं तब पवित्रता का कंगन बांधते हैं।* बहन मुख्य गिनी जाती है। जो बैठ और बहन भाइयों को राखी बांधती है। *पतित-पावन बाप कहते हैं - तुम पवित्र बनो तो तुमको राजतिलक मिलेगा।* यह बात है संगम की। जबकि मनुष्य पुकारते हैं पतित-पावन आओ।

उत्तर 4- *C.बर्थ डे, जयन्ती मनाना*

*बर्थ डे, जयन्ती आदि मनाना - यह भक्तिमार्ग का फैशन है* परन्तु इससे फायदा कुछ भी नहीं क्योंकि जिनकी जयन्ती मनाते हैं, उनको यथार्थ रीति जानते भी नहीं हैं।

उत्तर 5 - *B.परमात्मा*

*छोटा मुख और बड़ी बात... यह कहावत परमात्मा के लिए ।* कैसे वह साधारण तन में बैठ इस छोटे मुख से तुम्हें बड़ी-बड़ी बातें सुनाते हैं। गरीब निवाज़ बाप तुम्हें गरीब से साहूकार बना देते हैं।

उत्तर 6- *C.गॉड*

गीता में कृष्ण का नाम दे दिया है। दुनिया को पलटने वाला कृष्ण तो हो नहीं सकता। *दुनिया को पलटाने वाले को गॉड कहा जाता है*। अभी तुम समझते हो बाप हमें क्या से क्या बना रहे हैं।

उत्तर 7 - *B.माताओं*

*बाप ने तुम माताओं पर ज्ञान का कलष रखा है इसलिए सबको सद्गति देने की रेसपान्सिबिल्टी तुम्हारे पर है।* तुम हो शिव शक्ति सेना। तुम्हें अब अपने हमजिन्स का कल्याण करना है। सबको पतित बनने से बचाना है।

उत्तर 8 - *B.जगत अम्बा*

पहले-पहले दिखाते हैं - कलष रखा जगत अम्बा पर। * शास्त्रों में तो लक्ष्मी का नाम रख दिया है। यह फ़र्क पड़

गया है। कलष रखा है तुम माताओं पर। काली पर कलष रखा है

उत्तर 9 - A.वैकुंठ का सैर करके आना*

*इस संगमयुग पर ही तुम बच्चे यहाँ बैठे-बैठे अपने ससुर घर वैकुण्ठ का सैर करके आते हो। यह संगमयुग का ही फैशन है* सूक्ष्मवतन का राज़ भी अभी ही खुलता है।

उत्तर 10- *B.मेरा तो एक बाबा, दूसरा न कोई*

अपने जीवन को हीरे तुल्य बनाने के लिए एक बाप पर पूरा-पूरा फिदा होना है। *मेरा तो एक बाबा, दूसरा न कोई - यह पाठ पक्का करना है।*

उत्तर 11- *B.2*

तुम भी सवेरे उठ बाप को याद करो, विकर्म विनाश करो। सारा किचड़ा निकल आत्मा कंचन बन जायेगी, फिर

काया भी कंचन मिलेगी। *अभी तुम्हारी आत्मा दो कैरेट भी नहीं है।*

उत्तर 12- *D.याद की अग्नि*

*भगवानुवाच हे आत्मायें तुम्हारे में खाद पड़ती है,* बाप कहते हैं मैं आया हूँ श्रीमत देने, श्रेष्ठ बनाने। *याद की अग्नि से ही खाद निकलेगी* और कोई उपाय नहीं है।

उत्तर 13 - *C.भट्टी*

बाप कहते हैं रूहानी बच्चे, इस यात्रा में थक मत जाओ। घड़ी-घड़ी बाप को भूलो मत। *जितना याद में रहते हो उतना समय जैसे तुम भट्ठी में हो।* याद नहीं करते हो तो भट्ठी में नहीं हो।

उत्तर 14 - *C.21*

भक्तिमार्ग में अल्पकाल के लिए एवजा मिल जाता है। अभी तो है डायेरक्ट, इसलिए तुमको 21 जन्मों के लिए वर्सा

मिलता है। यहाँ तो पूरा बलिहार जाना पड़े। *तुम एक बार बलिहार जाते हो तो यह 21 बार बलिहार जाते हैं।*

उत्तर 15 - *A.जब बुद्धि में ज्ञान होगा*

*मीठे बच्चे - बाप की याद कायम तब रहेगी जब बुद्धि में ज्ञान होगा,* ज्ञानयुक्त बुद्धि से रूहानी यात्रा करनी और करानी है।

उत्तर 16- *D.40 हज़ार वर्ष*

*तुम अभी संगम पर हो और दुनिया वाले समझते हैं कि अभी तो अजुन कलियुग शुरू होता है, 40 हजार वर्ष बाद संगम आना है।* यह भी बात निकली है शास्त्रों से। बाप कहते हैं तुम जो कुछ वेद शास्त्र आदि पढ़ते, दान पुण्य आदि जन्म-जन्मान्तर से करते आये हो - यह सब है भक्ति मार्ग।

---------------------------------------------------

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (34) खण्ड -{68}

---------------------------------------------------

प्रश्न 1- कौन सी रसम द्वापर से चली आती है, लेकिन संगम पर बाप उस रसम को बन्द करवा देते हैं ?

A- यज्ञ तप करने की

B- भक्ति की

C- पांव पड़ने की

D- व्रत रखने की

प्रश्न 2- युगल किसको नहीं कह सकते ?

A- लक्ष्मी-नारायण

B- ब्रह्मा सरस्वती

C- राम सीता

D- शंकर पार्वती

प्रश्न 3- विषय सागर को क्या कहा जाता है ?

A- पतित दुनिया

B- विकारी दुनिया

C- कालीदह

D- कलियुग

प्रश्न 4- शंकर के आगे जाकर क्या कहते हैं ?

A- पावन बना दो

B- देवता बना दो

C- झोली भर दे

D- मुक्ति दे दो

प्रश्न 5- किसकी रिजल्ट तो विनाश के समय ही निकलती है ?

A- पेपर

B- इम्तहान

C- ज्ञान

D- पुरुषार्थ

प्रश्न 6- माला में कौन पिरोये जाते हैं ?

A- गरीब बच्चे

B- पुरुषार्थी बच्चे

C- ब्राह्मण

D- A और B

प्रश्न 7- संवत कब प्रारम्भ होगा ?

A- राधे कृष्ण के जन्म से

B- लक्ष्मी-नारायण राज-गद्दी पर बैठेंगे

C- जब कोई भी पतित नहीं रहेगा

D- कलयुग विनाश होगा

प्रश्न 8- ब्रह्म पुत्रा और सागर के संगम को क्या कहते हैं ?

A- डायमन्ड हारबर

B- डायमन्ड हाल

C- डायमन्ड जुबली

D- डायमन्ड मॉर्निंग

प्रश्न 9- जिस्मानी पढ़ाई भी कब पढ़ी जाती है ?

A- छोटे होते

B- बाल्यावस्था

C- पवित्रता

D- युवावस्था

प्रश्न 10- भारत का सबसे बड़ा दुश्मन कौन है, इसलिए पवित्रता की राखी बांधनी है ?

A- अपवित्रता

B- माया

C- रावण

D- विकार

प्रश्न 11- क्रिश्चियन कितने जन्म लेते है ?

A- 20-30

B- 30-40

C- 35-40

D- 40-50

प्रश्न 12- …….. पर भी कितने झगड़े होते हैं, क्योंकि पारलौकिक माँ बाप को नहीं जानते ?

A- जाति

B- भाषा

C- देश

D- धर्म

प्रश्न 13- जो क्रोध में आकर बाम्ब्स से इतनों का मौत कर देते हैं, उन पर केस कौन करे! इसलिए पिछाड़ी में उनके लिए क्या बैठती है ?

A- धर्मराज की सभा

B- ट्रिब्युनल

C- मार्शल लॉ

D- कोर्ट

प्रश्न 14- इस समय मनुष्यों में कौन सा विकार है,जो बन्दर से भी बदतर हैं।

A- काम

B- क्रोध

C- लोभ

D- मोह

प्रश्न 15- अब साबन के महीने में शिव की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं। तुम्हारे लिए सावन मास किसलिए है ?

A- व्रत के लिए

B- पवित्र रहने के लिए

C- ज्ञान बरसात का।

D- योग के लिए

प्रश्न 16- अब मै..........हूँ,बच्चों को भट्टी में डाल देता हूं ?

A- धोबी

B- लाइब्रेटर

C- सोनार

D- गाइड

-----------------------------------------------------------------

भाग (34) खण्ड {68} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

-----------------------------------------------------------------

*उत्तर 1 - C पाँव पड़ने की*

*द्वापर से पांव पड़ने की रसम चली आती है। बाबा कहते यहाँ तुम्हें किसी को भी पांव पड़ने की दरकार नहीं*। मैं तो अभोक्ता, अकर्ता, असोचता हूँ। तुम बच्चे तो बाप से भी बड़े हो तुम्हें पांव पड़ने की जरूरत नहीं। हाँ छोटे बड़ों का रिगार्ड तो रखना ही पड़ता है।

*उत्तर 2 - B ब्रह्मा सरस्वती*

ऊंच ते ऊंच श्री श्री 108 रूद्र माला कहा जाता है। ऊपर में है फूल फिर मेरू दाना युगल कहा जाता है लक्ष्मी-नारायण को। *ब्रह्मा सरस्वती को युगल नहीं कहा जाता,* यह माला शुद्ध है ना। मेरू फिर लक्ष्मी-नारायण को कहा जाता है। प्रवृत्ति मार्ग है ना।

*उत्तर 3 - C कालीदह*

*अभी तुम बच्चे विषय सागर से निकले हो, उनको कालीदह भी कहा जाता है।* सतयुग में तो कुछ होता नहीं। नाग पर डांस की, यह किया। यह सब दन्त कथायें हैं।

*उत्तर 4 - C झोली भर दे*

वे लोग तो शिव और शंकर का अर्थ नहीं जानते। *शंकर के आगे जाकर कहते हैं झोली भर दे, परन्तु शंकर तो झोली भरते नहीं हैं*। अभी बच्चों को बाप अविनाशी ज्ञान रत्न देते हैं। वह धारण करने हैं।

उत्तर 5- *B.इम्तहान*

यह भी जानते हो जहाँ तक जीना है वहाँ तक पुरूषार्थ करना है। शिक्षा तो मिलती रहती है। *इम्तहान की रिजल्ट तो विनाश के समय ही निकलती है।* एक तरफ रिजल्ट निकलेगी दूसरे तरफ विनाश शुरू होगा, फिर तो हाहाकार हो जाता है।

उत्तर 6- *D. Aऔर B*

सारा मदार पुरुषार्थ पर है, इसमें पैसे की बात नहीं। पढ़ाई की बात में गरीब अच्छा ध्यान देंगे। पढ़ाई तो एक है ना। गरीब अच्छा पढ़ेंगे क्योंकि साहूकारों को तो पैसे का नशा रहता है। *गरीब-पुरुषार्थी ही बाप द्वारा पदमा-पदमपति बनते हैं। वह माला में पिरो सकते हैं।*

उत्तर 7- *B.लक्ष्मी-नारायण राज-गद्दी पर बैठेंगे*

नई राजधानी का संवत तब शुरू होगा जब एक भी पतित नहीं रहेगा। यहाँ से संवत शुरू नहीं होगा। भल राधे-कृष्ण का जन्म हो जायेगा लेकिन उस समय से सतयुग नहीं कहेंगे। *जब वह लक्ष्मी-नारायण के रूप में राज-गद्दी पर बैठेंगे तब संवत प्रारम्भ होगा,* तब तक आत्मायें आती जाती रहेंगी।

उत्तर 8- *A.डायमन्ड हारबर*

कलकत्ता में सागर और नदी का बड़ा भारी मेला लगता है। वहाँ गंगा, ब्रह्मपुत्रा और सागर मिलते हैं। ब्रह्मपुत्रा में और भी नदियां मिलती हैं। *मुख्य है ब्रह्म पुत्रा और सागर का संगम। उनको ही कहते हैं डायमन्ड हारबर।*

उत्तर 9- *C.पवित्रता*

पवित्रता के कारण ही मारामारी हंगामा आदि होता है। ऊंच ते ऊंच बाप ही माया पर जीत पहनाए जगत का मालिक बना सकते हैं। यह तो बच्चे जानते हैं। बेहद बाप का वर्सा पाने हमको पवित्र जरूर बनना है। *जिस्मानी पढ़ाई भी पवित्रता में ही पढ़ी जाती है।* यह है रूहानी पढ़ाई। इसमें बर्तन सोने का अर्थात् पवित्र चाहिए, जिसमें ज्ञान धन ठहर सके।

उत्तर 10- *C.रावण*

वह तो जिस्मानी छोटे-छोटे दुश्मन है। *भारत का सबसे बड़ा दुश्मन रावण है, इसलिए पवित्रता की राखी बांधनी है।* प्रतिज्ञा करनी है हे बाबा भारत को श्रेष्ठाचारी बनाने के लिए

हम पवित्र रहेंगे। औरों को भी बनाते रहेंगे। अभी सब रावण से हार खाये हुए हैं।

उत्तर 11- *C.35-40*

जो पहले-पहले थे जरूर उन्हों को ही पूरे 84 जन्म लेने पड़े। *क्रिश्चियन आते ही बाद में हैं, वह 84 जन्म तो ले न सकें। वह 35-40 जन्म करके पाते होंगे।* सृष्टि की आयु भी अब पूरी होती है फिर नई बनेगी। नई दुनिया में है सुख, पुरानी दुनिया में है दु:ख।

उत्तर 12- *B.भाषा*

भारतवासी सारे विश्व के मालिक थे। अब तो टुकड़े-टुकड़े हैं। यह समुद्र तुम्हारा, यह हमारा, यह धरती हमारी, यह तुम्हारी... पंजाब, यू.पी., राजस्थान आदि-आदि, अलग-अलग हो गये हैं। *भाषा पर भी कितने झगड़े होते हैं क्योंकि पारलौकिक माँ बाप को नहीं जानते हैं।* भारत स्वर्ग था तो यह कोई बात नहीं थी।

उत्तर 13- *B.ट्रिब्युनल*

जो क्रोध में आकर बाम्ब्स से इतनों का मौत कर देते हैं, उन पर केस कौन करे! इसलिए पिछाड़ी में *उनके लिए ट्रिब्युनल बैठती है।* सब अपना-अपना हिसाब-किताब चुक्तू कर वापिस जाते हैं।

उत्तर 14- *B.क्रोध*

भगवानुवाच मैं तुमको नर से नारायण बनाता हूँ। यह पुरानी पतित दुनिया अब खत्म होनी है। मैं पतित से पावन देवता बनाता हूँ, फिर तुम चले जायेंगे अपने घर। ड्रामा को समझना है। *इस समय देखो मनुष्यों में क्रोध कितना है। बन्दर से भी बदतर हैं।* क्रोध आता है तो कैसे बाम्ब्स से सबको मार डालते हैं।

उत्तर 15- *C.ज्ञान बरसात के लिए*

अब सावन के महीने में शिव की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं। *तुम्हारे लिए सावन मास है ज्ञान बरसात का।* तुम पवित्र बन पवित्र दुनिया का मालिक बनते हो। मनुष्य व्रत रखते हैं भोजन न खाने का। बाप कहते हैं विष नहीं खाओ। इस पर भी समझाना पड़ेगा। शिव को बहुत पूजते हैं, अब शिवबाबा कहते हैं पवित्रता का व्रत रखो।

उत्तर 16- *C.सोनार*

अब बाप समझाते हैं तुम गोरे थे, तुम्हारे में खाद पड़ी है। अभी बिल्कुल आइरन एजेड बन पड़े हो। अब *मैं सोनार हूँ बच्चों को भट्ठी में डाल देता हूँ।* भंभोर को आग लगेगी। सबके शरीर खत्म हो जायेंगे। आत्मा तो अविनाशी है।